तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025



11 कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हरियाणा व उत्तराखंड...




11 पॉवर इंजीनियर्स का निजीकरण, उत्पीड़न व...



## खबर संक्षेप

### हादसों के बाद फरार तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए तीन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने 1 जुलाई को हुए सड़क हादसे में आरोपी धारूहेड़ा के सोहना रोड निवासी अश्वनी शर्मा को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 30 जून को हुए हादसे में आरोपी चालक राजस्थान के कारेंडा निवासी असलम को गिरफ्तार किया है। कोसली पुलिस ने 8 जून को हुए हादसे के आरोपी चालक बिसोहा चालक प्रवेश को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर निखरी कट के पास किसी वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसका शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात एक व्यक्ति किसी वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में शव को सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया।

### देहज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष पुलिस को दर्ज शिकायत में जिले के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन के जरिए आपसी समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 4 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में बोलनी निवासी कमल कुमार को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 14 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस विभाग की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद धारूहेड़ा की चांद कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट व धमकी मामले में महिला काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने पुन्सिका में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। मामला गत वर्ष सितंबर माह का है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 16 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। तब से लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# पाल्हावास में जमकर बरसे बदरा, अन्य खंडों में बूंदाबांदी तक सीमित

## आज फिर अच्छी बरसात होने की संभावना, नहीं मिली उमस भरी गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। सावन माह की शुरूआत होने जा रही है, लेकिन मानसून की जोरदार बारिश का इंतजार अभी खत्म नहीं हुआ है। मंगलवार की रात पाल्हावास खंड में अच्छी बारिश हुई, जबकि अन्य खंडों में इंद्रदेव बूंदाबांदी या हल्की बरसात तक सीमित रहे। उमस बढ़ने से दिन भर लोगों को पसीने-पसीने होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 10 जुलाई को कई इलाकों में अच्छी बारिश हो सकती है। मंगलवार की रात से लेकर बुधवार तड़के तक कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। पाल्हावास खंड में सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक 52 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि रेवाड़ी में 6 एमएम बारिश हुई। कोसली व नाहड़ में 8 एमएम, डहीना में 4 एमएम व धारूहेड़ा में 0.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। चौबीस घंटों के दौरान बावल व मनेठी बारिश से वंचित रहे। अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 35.2 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 83 फीसदी तक रहा, जबकि हवा की गति काफी कम रही। सुबह के समय आसमान में बादल छाने के बाद दोपहर को आसमान एक बार साफ हो गया।

### आज बारिश के आसार

*मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। इससे वीरवार को जिले के कई भागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरूआत हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सावन माह के शुरू में ही बारिश की झड़ी देखने को मिल सकती है। टुकड़ों में रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अगर बरसात लगातार जारी रहती है, तो उमस भरी गर्मी से भी राहत मिलेगी।*

### पावर कटों से मिल रही निजात

*मौसम अनुकूल होने के कारण बिजली की खपत 65 लाख यूनिट के आसपास चल रही है। जून माह में भारी गर्मी के चलते खपत 95 लाख यूनिट का आंकड़ा पार गई थी। इससे लोगों को पावर कटों का सामना करना पड़ा था। कृषि व घरेलू क्षेत्र में बारिश का मौसम शुरू होने के बाद बिजली की खपत कम हो गई है, जिससे लोगों को पावर कटों से निजात मिली हुई है। बारिश के कारण किसानों को इस समय फसलों की सिंचाई से भी छुटकारा मिला हुआ है।*

## रेवाड़ी में फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन के आह्वान पर सरकार के खिलाफ जमकर गरजे कर्मचारी

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला-जुला असर, सुचारू रूप से चली रोडवेज, कुछ बैंकों में काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रेवाड़ी में फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन के आह्वान पर हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। रोडवेज यूनियन ने चक्का जाम की घोषणा की थी, लेकिन बुधवार को सामान्य दिनों की तरह ही रोडवेज बसें चलती दिखाई दी। रोडवेज यूनियन के कर्मचारी केवल धरना-प्रदर्शन तक ही सीमित रहे। ट्रेड यूनियनों की ओर से राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। हड़ताल के दौरान बिजली निगम व रोडवेज में महत्वपूर्ण असर देखने की बात कही जा रही थी, लेकिन बुधवार को अलसुबह ही रोडवेज अधिकारियों ने पुलिस की सहायता से बसों का सुचारू रूप से संचालन किया। रोडवेज सांझा मोर्चा के पदाधिकारियों ने बस स्टैंड परिसर में सरकार पर दमनकारी नीति का विरोध किया। रोडवेज सहित जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम और अन्य विभागों में कार्य सुचारू रूप से चलता रहा। जिले में सिर्फ एसबीआई को छोड़कर अन्य बैंकों में कामकाज प्रभावित रहा। रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि बसें सामान्य तौर पर चलाई गई। हड़ताल में केवल 15 कर्मचारी शामिल हुए है ,उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।








**रेवाड़ी।** कोसली में हड़ताल पर बैठक पब्लिक हेल्थ के कर्मचारी व कोसली में बंद पड़ा पीएनबी बैंक व बस स्टैंड पर सुचारू रही रोडवेज सेवा। फोटो :हरिभूमि

### हड़ताल में ये यूनियन रही शामिल

हड़ताल का असर विभागों में कम और सरकुलर रोड पर ज्यादा देखने को मिला। सरकुलर रोड पर ओर दिनों की अपेक्षा यातायात कम रहा। रोडवेज व प्राइवेट बसे पहले की तरह चलती रही। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रोडवेज से हरियाणा रोडवेज कर्मचारी इंटक, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, रोडवेज कर्मचारी संबंधित महासंघ, रोडवेज कर्मचारी यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ संबंधित हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, आशा वर्कर्स यूनियन, मिड-डेमील यूनियन, नगरपालिका कर्मचारी संघ शामिल रहीं।

### कुछ बैंकों में रहा कामकाज प्रभावित

ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी पूर्णरूप से हड़ताल की बात कही जा रही थी, लेकिन कई बैंकों के कर्मचारी पहले की तरह से कामकाज करते हुए दिखाई दिए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान सरकारी बैंकों में कर्मचारियों ने हड़ताल की, जिसके कारण कामकाज प्रभावित रहा। भारतीय स्टेट बैंक में कामकाज रोजाना की तरह चलता रहा, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं उठानी पड़ी, लेकिन पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा व बैंक ऑफ इंडिया में कामकाज प्रभावित रहा।

### कोसली में भी रहा मिला जुला असर

देशभर में ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर हड़ताल का कोसली में मिला जुला असर रहा। हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन से जुड़े जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल में भाग लेकर अपना कार्य स्थगित रखा। उधर पीएनबी को छोड़कर सभी बैंकों में कामकाज सामान्य रूप से जारी रहा। पीएनबी में ग्राहक सेवा बंद रही। लोक निर्माण विभाग, एलआईसी कार्यालय व पोस्ट आफिस में भी सामान्य कामकाज जारी रहा। राज्य परिवहन की बसें भी चलती रही।

### यूनियनों ने सभा कर शहर में किया प्रदर्शन

केंद्रीय श्रमिक संगठन ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर, रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा ने हड़ताल के दौरान राव तुलाराम पार्क में सभा की तथा शहर में जुलुस निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्यों की सरकार कर्मचारियों व मजदूरों के अधिकारों को छीन रही है और पूंजीपतियों के हक में कानून बनाए जा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता कॉमरेड सत्यवान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों की तानाशाही पूर्ण नीतियों को केवल मात्र संयुक्त आंदोलन से ही पीछे हटाया जा सकता है। रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन के नेता बाबूलाल यादव ने कहा कि सरकार रिटायर कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की। एटक के नेता अजय कुमार ने कहा कि मजदूरों के शोषण के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर एटक के नेता सतीश नाहड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी, आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

### आरओबी बनाने के लिए मिली मंजूरी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-रींगस रेलवे लाइन पर हरिनगर के समीप आरओबी का निर्माण कराने के लिए जल्द ही सर्वे शुरू किया जाएगा। हरियाणा सरकार ने इसके वर्क एस्टीमेट बनवाने के लिए 28 लाख 60 हजार रुपए की राशि मंजूर की है। हरिनगर फ्लाईओवर के टी-प्वाइंट पर रोड एक्सीडेंट की आशंका बनी रहती है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सुझाव दिया था कि नारनौल रोड पर जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक आरओबी बना दिया जाए तो टी-प्वाइंट पर वाहनों का जमघट नहीं लगेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आरओबी बनवाने का अनुरोध किया था, जिसको स्वीकृति दे दी गई है। लोक निर्माण विभाग की एचआरडीसी विंग इस रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराएगी। हरियाणा

### दुकान में चल रहा था अवैध अहाता, कार्रवाई

**रेवाड़ी।** थाना माडल टाऊन पुलिस ने अवैध रूप से अहाता चलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से दुकानों और ढाबों में शराब पिलाने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस को रात के समय गश्त के दौरान आईओसी चौक पर शराब के ठेके के पास एक दुकान में अवैध अहाता चलाने बारे सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो दुकान के अंदर कुर्सी-मेज डले हुए थे। दुकान संचालक मध्यप्रदेश के जिला भिंड हाल किरायेदार मोहल्ला सरस्वती विहार निवासी ध्रुव वर्मा शराब पिलाने का काम कर रहा था। पुलिस ने उससे अहाता चलाने बारे परमिट व लाइसेंस मांगा तो उसने अहाते का लाइसेंस होने से इनकार कर दिया।

# हिमांशु पालीवाल को महासचिव की जिम्मेदारी

- भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा, जतिन अरनेजा को बनाया मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पूरे प्रदेश में संगठन उत्सव के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने बुधवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। इसमें जितेंद्र उर्फ जीतू चेयरमैन सहित 6 जिला उपाध्यक्ष शामिल किए गए हैं। हिमांशु पालीवाल सहित दो को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।




**रेवाड़ी।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी का स्वागत करती जिलाध्यक्ष।

अपनी नई टीम में डा. वंदना पोपली ने जीतू चेयरमैन के साथ-साथ सुमन चौहान, धीरज यादव, बलजीत, प्रवीण शर्मा और जितेंद्र वाल्मीकि को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। हिमांशु पालीवाल और कुलदीप चौहान को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धर्मेंद्र कुमार, मौसमी रानी, कविता गुप्ता, दिनेश कुमार, बीरसिंह छावड़ी व शारदा देवी को सचिव बनाया गया है। गौरव शर्मा को कोषाध्यक्ष और सत्यपाल धूपिया को ऑफिस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवीन शर्मा को ऑफिस इंचार्ज बनाया गया है, जबकि नितेश अग्रवाल को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कार्यकारिणी में वंदना ने नवीन शर्मा को आईटी सेल का इंचार्ज और सावन सैनी को सोशल मीडिया इंचार्ज बनाया है। डा. वंदना पोपली ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इन पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष का आभार जताया।

# जरूरतमंदों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जा रही आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से इलाज के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान की जा रही है। आवेदक परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल व ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा।

## इंवेस्टमेंट फ्रॉड से रहे सावधान, अपनी पर्सनल जानकारी अनजान व्यक्ति को देने से बचें

# सोशल मीडिया पर ऑफर के लालच में आकर पैसे न गंवाए नागरिक: पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने टास्क या इंवेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी को लेकर नागरिकों को सावधान रहने की हिदायत दी है। एसपी ने बताया साइबर अपराधी सबसे पहले आपके वाट्सएप पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से मैसेज करता है,जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिए जाते है, जिन्हे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट भेजना होता है, जिसके बदले में ठग एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। आपको शुरूआत में लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप उन्हे टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं और ठग बोलते हैं कि यदि आपको पेमेंट लेना है तो टेलीग्राम की आईडी देकर मैसेज करने की कहते है। जब नागरिक टेलीग्राम पर मैसेज करते है तो ठग बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद खाते में 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं। ग्रुप में एड होने पर ठग हर आधे घंटे में इसी प्रकार का लिंक देंगे, जिसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापस उसी ग्रुप में भेजना होता है। उसके बाद आपको कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन की ओर से मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को और भी ज्यादा बढ़ाना चाहते है।

### साइबर क्राइम से बचने को किया जा रहा जागरूक



एसपी मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की ओर से आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसलिए आमजन साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बने और अपने तथा अपने साथियों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाएं। अगर आपके साथ इस प्रकार का फ्रॉड हो जाता है तो साइबर क्राइम थाना या नजदीकी पुलिस थाना में जाकर थाना में स्थापित साइबर डेस्क व नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करा सकते है। इसके अलावा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करा सकते हैं।

### टास्क फ्रॉड से बचाव के तरीके

*▶▶। किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नंबर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो उसकी अच्छी तरह जांच पड़ताल करें। यदि शक हो तो उसे अनदेखा कर डिलीट कर दे।*

*▶▶। पार्ट टाइम जॉब ऑफर में ज्यादा मुनाफे के चक्कर में ना फंसे और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें।*

*▶▶। किसी भी प्रकार की जॉब के लिए पैसे देने की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए कोई भी भुगतान न करें।*

*▶▶। यदि आपके पास पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आता है तो व्हाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें।*

*▶▶। यदि पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आता है तो आप जॉब देने वाली कंपनी के ऑफिस का पता लेकर उसे वेरीफाई करे।*

*▶▶। पार्ट टाइम जॉब ऑफर में जिस नंबर से आपके पास व्हाट्सएप मैसेज आता है, उस नंबर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नहीं होगा।*

*▶▶। टास्क-इन्वेस्टमेंट फ्रॉड में आपके बैंक खाते में हर बार अलग अलग बैंक खातों से पैसे आते है, जबकि वास्तविक कंपनियों से आपके बैंक खाते मे एक ही खाते से पैसे आते हैं।*

*▶▶। वास्तविक कंपनी आपको पैसे डालने के लिए कभी भी अलग अलग बैंक खाते या अलग अलग यूपीआई आईडी नहीं देती। यदि अलग अलग बैंक खाते दिए जाते हैं तो सावधान हो जाएं।*



# मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स
# बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

**सीजनल डिजीज**
चेतना झा



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फॉलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

**मेंटल हेल्थ**
शिखर चंद जैन

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

# अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत
# रंग-कविता-कला-संगीत





आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।

## म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सेमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



## थ्री ड्रॉइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्रॉइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्रॉइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्रॉइंग बनाएं। फिर अगली ड्रॉइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्रॉइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

## कलरिंग कीजिए

एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिंताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।



## कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

# बारिश के मौसम में आपको संक्रमणों से बचाएगी कच्ची हल्दी

**हर्बल जोन/ रेखा देशराज**



कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।

**मौसमी बीमारियों से बचाए:** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।

**बरतें सावधानियां:** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें *

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन हैं ज़िम्मेदार

**नई दिल्ली।** पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। इस हफ़्ते के 'एबीसी 4 कॉर्नर्स' से पता चलता है कि प्लास्टिक समेत कई रसायनों की कैंसर के बढ़ते मामलों में भूमिका हो सकती है। तो कैंसर बढ़ने के कारण क्या हैं? और हम इस संबंध में क्या कर सकते हैं?

**कैंसर बुज़ुर्गों को क्यों अपनी चपेट में ले रहा है?**

आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।



## युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय

युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय है और इसके बढ़ने में कुछ पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा रहे हैं जिनके बारे में हमें अभी जानकारी नहीं है। पर्यावरणीय कारक वे होते हैं जो शरीर के बाहर होते हैं – जैसे रसायन, वायरस, बैक्टीरिया, शारीरिक गतिविधि और हमारा आहार। इनमें से कई पर्यावरणीय कारक डीएनए प्रतिलिपिकरण त्रुटियों की संभावना को बढ़ा सकते हैं, या यहां तक कि हमारे डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका एक जाना-माना उदाहरण सूर्य से आने वाली पराबैंगनी (यूवी) किरणें है, जिससे त्वचा कैंसर हो सकता है।

## धूम्रपान से हो रहा फेफड़ों का कैंसर

दूसरा उदाहरण धूम्रपान है, जिससे फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सौभाग्य से, सूर्य के संपर्क में आने के खतरों के बारे में जागरुकता अभियानों और सिगरेट पीने वालों की घटती संख्या के कारण पिछले 30 वर्षों में 50 वर्ष से कम आयु के ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कमी आई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अन्य प्रकार के कैंसर जैसे यकृत, अग्न्याशय, प्रोस्टेट, स्तन और गुर्दे आदि के कैंसर बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति वैश्विक है, खासकर अमीर पश्चिमी देशों में। रसायनों की क्या भूमिका है?

## आज हम अधिक रसायनों के संपर्क में

शोधकर्ता इस वृद्धि के कारणों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में, रसायन एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक के रूप में चर्चा में हैं। आधुनिक समय में हम अपने पूर्वजों की तुलना में अधिक रसायनों के संपर्क में हैं - जैसे वायु प्रदूषण, खाद्य योजक, प्लास्टिक और कई अन्य चीजें। शराब और सिगरेट के धुएं को छोड़ दें तो ज़्यादातर रसायन जो कैंसर से निश्चित रूप से जुड़े हैं वे ऐसे नहीं हैं जिनका लोगों को नियमित रूप से सामना करना पड़ता है। वे सिर्फ़ उद्योग जैसे स्थानों तक ही सीमित हैं। चिंता का एक मुख्य रसायन प्लास्टिक है, जो सर्वव्यापी है और लगभग हर कोई हर दिन इनसे सामना करता है। विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए समग्र रूप से बहुत बड़ा खतरा है।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सतीश खोला को ज्ञापन सौंपते क्रीड ऑपरेटर।

### मांग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** प्रदेश के सभी जिलों के क्रीड पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर प्रतिनिधियों ने बुधवार को हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। क्रीड पंचायत ऑपरेटरों ने अपनी वेतन संबंधी समस्याओं, कार्यभार और कार्य स्थायित्व को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। पंचायतों में कार्यरत क्रीड ऑपरेटर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, मनरेगा, पीएम आवास योजना, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, खेल विभाग के डाटा अपडेट, शिक्षा विभाग के ऑनलाइन कार्य, और ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनेक योजनाओं में तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है, जबकि उनका कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है। क्रीड ऑपरेटरों ने सरकार से तृतीय श्रेणी के कंप्यूटर ऑपरेटर के समान वेतनमान लागू करने, पद को स्थाई



### शिविर के समापन पर बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र

**कोसली।** कोसली के बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से प्रतिभागी बच्चों के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोसली के शहीद जगदेव सिंह राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक ज्ञानेंद्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरंपच रामकिशन ने की। मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ रूचिकर गतिविधियों में भागीदार होना जरूरी है। इस मौके पर बाल भवन के कम्प्यूटर अनुदेशक ऋषिराज भारद्वाज, बाल भवन कर्मी स्नेहलता, सतीश कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### कोसली की शारदा यादव बनी भाजपा की जिला सचिव

**कोसली।** भाजपा की ओर से कोसली निवासी पंच शारदा यादव को जिला सचिव बनाया गया है। शारदा यादव एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश की चाची है। भाजपा जिला अध्यक्षा वंदना पोपली ने अपनी टीम में चार महिलाओं को शामिल किया है। सुमन चौहान को उपप्रधान, मौसमी रानी मोरवाल, कविता गुप्ता व शारदा यादव को सचिव बनाया गया है। शारदा यादव ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मंत्री आरती सिंह राव, विधायक लछमण सिंह आदि रहे।



### छात्रों ने मैथ ओलंपियाड में लहराया परचम

**रेवाड़ी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों ने नेल्टास मैथ ओलंपियाड अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के 80 छात्रों ने प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किए है। विद्यालय के कक्षा दूसरी के छात्र जीवेश, तनिश सांगवान व देवेश ने 100 में से 100 अंक प्राप्त करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया। छात्रों ने प्रतियोगिता में एक-एक हजार रुपये के पुरस्कार प्राप्त किए। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुकेन्द्र सिंह ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

---

बम भोले के उद्घोस से गूंजने लगा वातावरण

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हरियाणा व उत्तराखंड प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, सभी से पालन करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्रावण मास में हरिद्वार उत्तराखंड से कांवड़ लेने जाने वाले श्रद्धालुओं से हरियाणा व उत्तराखंड प्रशासन ने दिशा-निर्देशों की अनुपालना करने की अपील की है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कांवड़ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व आवश्यक जानकारी एकत्रित करने के लिए सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि कांवड़ लेने जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु संबधित थाने में अपनी एक आईडी की कॉपी के साथ मोबाइल नंबर व वाहन की आरसी की कॉपी सहित पूर्ण जानकारी देकर जाएं, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान



अगर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित प्रदेश की पुलिस से समन्वय स्थापित कर समय रहते समाधान किया जा सकें।

#### कांवड़ यात्रा के दौरान क्या नहीं करें



*यात्रा के दौरान अपने साथ हॉकी, बेसबॉल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी व डंडे लेकर न जाएं। यात्रा के समय मादक पदार्थों का सेवन न करें। कांवड़ की ऊंचाई 7 फीट से अधिक न रखें। रेलगाड़ी एवं अन्य वाहनों की छतों पर यात्रा न करें। पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें। कांवड़ में डीज व लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। संदिग्ध-लावारिस वस्तुओं को न छुएं, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलाएं। प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें। यात्रा के दौरान अपनी मोटर साइकिल का साइलेंसर उतारकर न चलाएं तथा यात्रा में जुगाड़, ट्रैक्टर ट्राली एवं बड़े वाहनों लेकर न जाएं।*

#### कांवड़ यात्रा के दौरान क्या करें

हरिद्वार जाने वाले पैदल कांवड़ यात्री कांवड़ पटरी का ही प्रयोग करें। कांवड़ यात्री अपना पहचान पत्र में डीएल व आधार कार्ड अवश्य साथ रखें। अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही पार्क करें, अन्यथा एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अराजकतत्वों से सावधान रहें। कांवड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगाएं। निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

---

### रेवती फाउंडेशन ने पौधारोपण करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



शहर की सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था रेवती फाउंडेशन की ओर से बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने उपप्रधान प्राशी वशिष्ठ के जन्मदिवस पर सेक्टर-1 के होली पार्क में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशंसनीय पहल की। पौधे लगाएं, भविष्य बचाएं के संदेश के साथ संस्था ने सेवा और प्रकृति के प्रति समर्पण उजागर किया। कार्यक्रम में प्रधान भगवान सिंह, पुलकित शर्मा, ध्रुव दत्त, राघव, मोहित, पीयूष, कपिल, प्रतीक व विक्की सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। संस्था की ओर से शहर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

---

## हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने अपने अधिकारो और सार्वजनिक हितों की रक्षा के लिए प्रदर्शन किया

# पॉवर इंजीनियर्स का निजीकरण, उत्पीड़न व अन्याय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, सभी से एकजुट होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन यानि हिपा के अभियंताओं ने बुधवार को अपने अधिकारों, गरिमा और सार्वजनिक हितों की रक्षा के लिए प्रदर्शन किया। जिले में एसोसिएशन के सदस्यों ने निजीकरण के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बिजली वितरण के निजीकरण से केवल निजी कंपनियों को लाभ होगा, जबकि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और अभियंताओं के रोजगार को खतरा होगा। हिपा ने कहा कि दशकों की मेहनत से खड़े किए गए सार्वजनिक बिजली तंत्र को किसी भी कीमत पर निजी हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा। सभी अभियंताओं ने एकजुट रहने का आह्वान किया। एसोसिएशन के वक्ताओं ने राजौंद जींद के एसडीओ पर चोरी पकड़ने के दौरान हुए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि




रेवाड़ी। डीएचबीवीएन परिसर में प्रदर्शन करते इंजीनियर्स। फोटो : हरिभूमि

यह घटना कानून व्यवस्था और अभियंताओं की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। एसोसिएशन ने प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सकें। उन्होंने एचवीपीएनएल के एसडीओ के निलंबन पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इस कार्यवाही को पारदर्शिता व न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया है। एसोसिएशन ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और उचित समाधान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। हिपा के वक्ताओं ने खरखौदा के एसडीएम की ओर से सीएम विंडो प्रकरण में एसडीओ सैदपुर से किए गए दुर्व्यवहार और दुर्घटना के मामले में बिना समुचित जांच के एफआईआर दर्ज करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बिना उचित प्रक्रिया के कोई कार्रवाई स्वीकार्य नहीं होगी। एसोसिएशन के सदस्यों ने पानीपत डीसी के आपत्तिजनक बयान की निंदा भी की। वक्ताओं ने कहा कि डीसी के बयान से अभियंताओं की मेहनत और ईमानदारी पर प्रश्नचिह्न लगता है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### यह रहे प्रदर्शन में मौजूद

प्रदर्शन में एसई प्रदीप कुमार चौहान, एक्सईएन कुलदीप नेहरा, एक्सईएन धर्मेंद्र रुहिल, एक्सईएन ओमेंद्र कुमार भारद्वाज, एक्सईएन प्रवीण यादव, एक्सईएन संजय यादव, एसडीओ मोहित, एसडीओ सोनू यादव, एसडीओ अरुण, एसडीओ कविंदर, एसडीओ अजय अहमद, एसडीओ अनिल, एसडीओ गौतम, एसडीओ मुकेश, एसडीओ विजयपाल, एसडीओ धर्मेंद्र, एसडीओ पवन, एसडीओ मनीष, एसडीओ रविन्द्र कुमार, एसडीओ आशीष मित्तल व एसडीओ जतिन कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर सभी अभियंताओं ने संकल्प लिया कि अभियंताओं के अधिकारों, सम्मान और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।



रेवाड़ी। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मचारी।

### बिजली कर्मचारियों ने किया ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

**कोसली।** कोसली की एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन से जुड़े बिजली निगम के कर्मचारियों ने बुधवार को निगम परिसर में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता एलएम प्रमोद ने की व संचालन कोसली सब यूनिट उपप्रधान जयभगवान ने किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी में तकनीकी पहलुओं की अनदेखी की जा रही है। नए लाइनमैन को नई लाइन के बारे में जानकारी नहीं होने से कार्य करने में परेशानी होगी, इससे कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। इसके अतिरिक्त लाईनमैन को नई लाइन पर कार्य करने में सुरक्षा जोखिम का सामना पड सकता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। इस मौके पर जयप्रकाश प्रधान, चंद्रजीत सचिव, प्रवीन एलएम, दिनेश एसएसए, बबरूभान कैशियर, कैलाश, सुरेश, सोनू, दीपक व मनोज सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

---

## परिश्रम के बल पर जीवन में मनचाही सफलता प्राप्त करता पुरूषार्थी: कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम पुरूषार्थ बड़ा या भाग्य का आयोजन बाल भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल फिदेड़ी पर किया गया। इस मौके पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने कहा कि कर्मवीर पुरुषार्थी अपने परिश्रम के बल पर जीवन में मनचाही सफलता प्राप्त करता है। इतिहास साक्षी है जो लोग भाग्य के भरोसे ना बैठकर पुरुषार्थ करते हैं वे ही समय की धारा को बदलते हैं। यदि अब्दुल कलाम आजाद अपने बचपन की गरीबी से समझौता कर लेते तो वह जीवन भर अपने छोटे से गांव में गुमनाम जिंदगी जी पाते, लेकिन उन्होंने अपने अंदर परिश्रम की शक्ति को जगाया। वे न केवल मिसाइल मैन बने, उन्हें नोबेल




रेवाड़ी। स्कूल में पौधारोपण करते संस्था सदस्य व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

पुरस्कार मिला व देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति को भी सुशोभित किया। विद्यार्थी भी अपने जीवन का ऊंचा लक्ष्य रखे। पूरी शक्ति से परिश्रम करते हुए बड़ी से बड़ी सफलता का आनंद ले। स्कूल के अध्यक्ष हार्दिक शर्मा व प्राचार्या मोनिका शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य तथा स्कूल को शहीद आजम भगत सिंह, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व चंद्रशेखर आजाद के चित्र भेंट किए गए। युवा दल के साथियों ने स्कूल में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में शिक्षिका सीमा, सरिता, नवीन, राजेश, अरुण, मधु, संदीप व हिमांशु मौजूद थे।

### रीजनल सेंटर का छठे सेमेस्टर का सराहनीय रहा परीक्षा परिणाम

**कोसली।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में बीए, बीएससी नॉन मेडिकल और बीकॉम ऑनर्स के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। रीजनल सेंटर के सभी फैकल्टी सदस्यों ने छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि बीए की छात्राओं ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इतिहास और इंग्लिश का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा बीए के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 89.65 प्रतिशत रहा। छात्रा अंजलि ने 72.7 प्रतिशत के साथ प्रथम, रितिका ने 70 प्रतिशत के साथ द्वितीय और प्रियंका ने 70 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी नॉन मेडिकल की छात्रा प्रियंका ने 82 प्रतिशत के साथ प्रथम, कूकू ने 78 प्रतिशत के साथ द्वितीय और प्रिया ने 75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मूंदी में पीएनडीटी एक्ट को लेकर बैठक गर्भवतियों को दी स्वास्थ्य की दी जानकारी



रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव मूंदी में लिंगानुपात संतुलन, पीएनडीटी एक्ट व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र सीहा की स्वास्थ्य टीम, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम शशिबाला, एमपीएचडब्ल्यू रीता यादव व नेकीराम ने भाग लिया। इस मौके पर सुपरवाइजर स्नेहलता ने बताया कि गर्भावस्था की 10 से 42 सप्ताह की अवधि में मां और शिशु को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए समय पर एएनसी यानि एंटी नेटल चेकअप पंजीकरण अनिवार्य है। बैठक में महिलाओं को बेटियों के समान अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया गया। साथ ही भ्रूण लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पीएनडीटी कानून की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना देने पर सरकार की ओर से इनाम निर्धारित किया गया है और सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वास्थ्य, पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

---

## सार्वजनिक माफी नहीं मांगने पर बड़े स्तर पर आंदोलन की दी चेतावनी

# आरती राव पर टिप्पणी को लेकर बढ़ रहा आक्रोश, संस्थाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में महापंचायत के दौरान राव इंद्रजीत सिंह व उनकी बेटी आरती राव पर की गई टिप्पणी को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए आंदोलन तक की चेतावनी दी गई है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला प्रमुख मनोज यादव व जिला उप प्रमुख नीलम रायपुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिला परिषद व ब्लॉक समितियों के पदाधिकारी तथा सदस्य एकत्रित हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला प्रमुख



मनोज यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती राव दोनों इलाके के विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। आरती राव ने स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने की नियत से अस्पताल के लिए जमीन की तलाश के प्रयास शुरू किए थे। धरनास्थल पर आयोजित की गई महापंचायत में कुछ लोगों ने आरती राव के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया।
देश के लिए खेलों तक में पदक जीतकर इलाके का नाम रोशन करने वाली इस बेटी का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा करने वाले लोगों ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी, तो पंचायती राज संस्थाओं की ओर से आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करते हुए उन्हें सामाजिक दंड दिया जाएगा।

#### महिला सम्मान को पहुंचाई ठेस

*जिला उपप्रमुख नीलम रायपुर ने कहा कि कैबिनेट मंत्री आरती राव देश व इलाके का गौरव हैं। उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल नारी सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। टिप्पणी करने वाले लोगों ने समूचे महिला जगत का अपमान किया है। एक ओर जहां समाज महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर तुच्छ मानसिकता के लोग नारी का अपमान करने में कसर नहीं छोड़ रहे। ऐसे लोगों की औरतों के प्रति भावना में कोई बदलाव नहीं आया है। जिन लोगों ने आरती राव का अपमान किया है, उन लोगों को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो नारी शक्ति भी ऐसे लोगों को अपनी ताकत दिखाने में कसर नहीं छोड़ेगी।*

**ये रहे मौजूद:** प्रबुद्ध समाजसेवी अनिल रायपुर सहित बड़ी संख्या में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**बेदखली सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री तोताराम निवासी गांव मनेठी, उप-तहसील मनेठी, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र गोविन्द कुमार व पुत्रवधू निधि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। उनके व्यवहार व लड़ाई झगड़े से परेशान होकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरा उनसे कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है।

## खबर संक्षेप

### नाहड़ से लापता किशोर का सुराग नहीं

**कोसली।** नाहड़ गांव में एक किशोर रविवार को बिना किसी को बताए घर से लापता हो गया। किशोर की मां ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया उनका लड़का योगेश रविवार दोपहर 2 बजे घर से लापता है। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी हर जगह तलाश कर ली है, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।

### खाटू श्याम जी के लिए रेवाड़ी-रींगस स्पेशल ट्रेन

**रेवाड़ी।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से गुरू पूर्णिमा पर खाटू श्याम जी के श्रद्धालुओं व यात्रियो की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया गया। गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा बुधवार को रेवाड़ी से रात 10:50 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि 1:35 बजे रींगस पहुंची। गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 10 जुलाई को रींगस से दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर शाम 5:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस रेलसेवा में डेमू रैक के 16 डिब्बे शामिल किए गए। ट्रेन का अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कांवट व श्री माधोपुर स्टेशनों पर ठहराव रहा।

## मृतक के परिजनों को मुआवजा व आश्रित को नौकरी देने की मांग

# ग्लास कंपनी असाही में करंट से श्रमिक की मौत पर ग्रामीणों का परिसर के बाहर धरना

■ कंपनी परिसर पर तैनात किया गया भारी पुलिस बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल

प्रसिद्ध ग्लास कंपनी असाही इंडिया लि. में बुधवार को पानी में करंट प्रवाहित होने से एक श्रमिक की मौत हो गई। परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे व आश्रित को नौकरी देने की मांग की है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। बाद में बड़ी संख्या में ग्रामीण कंपनी के बाहर एकत्रित हो गए। इन लोगों ने मृतक के आश्रित को नौकरी और परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। बाद में दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई, जिससे ग्रामीण वापस चले गए। गुर्जर माजरी निवासी लगभग 25 वर्षीय प्रदीप लगभग एक साल पहले कंपनी में बतौर श्रमिक काम पर लगा था।

उसका काम शीशे की धुलाई बाद एकत्रित होने वाले पानी की निकासी करना था। बुधवार को भी वह काम पर लगा हुआ था। इसी दौरान पानी में करंट प्रवाहित हो गया। वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कंपनी के अन्य श्रमिकों ने पावर बंद कराने के बाद प्रदीप को अस्पताल पहुंचाया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण कंपनी में पानी में करंट प्रवाहित हुआ है। अगर प्रबंधन की ओर से उचित मुआवजा व आश्रित को नौकरी नहीं दी गई, तो कानूनी कार्रवाई करेंगे। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस ने करंट प्रवाहित होने के कारणों की जांच शुरू कर दी। दूसरी ओर युवक की मौत के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं सहित कंपनी पहुंच गए। वहां उचित मुआवजे की मांग व आश्रित को नौकरी की मांग पर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। सुरक्षा की दृष्टि से कंपनी परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

**परिवार में अकेला कमाने वाला था**

मृतक प्रदीप के माता-पिता और एक छोटा भाई है। उसकी पत्नी के साथ-साथ एक लड़का और लड़की हैं। उसकी पत्नी गर्भवती है। परिवार में प्रदीप ही अकेला कमाने वाला था, जिसके कारण परिवार का गुजारा चल रहा था। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट तक खड़ा हो गया है। यही कारण है कि ग्रामीण परिजनों को उचित मुआवजा व कंपनी में नौकरी की मांग कर रहे थे।


रेवाड़ी। कंपनी के गेट पर मौजूद पुलिसकर्मी तथा इनसेट में मृतक कर्मचारी प्रदीप।

### सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं

प्रदीप की मौत का समाचार सुनने के बाद बड़ी संख्या में गुर्जर माजरी के लोग कंपनी परिसर के बाहर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने के बाद कंपनी परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण प्रदीप करंट की चपेट में आ गया, इसलिए प्रबंधन को उसके परिजनों को उचित मुआवजा देना चाहिए। प्रबंधन और ग्रामीणों के समझौता होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों व ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक

■ स्वामी उमा भारती पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ट्रैफिक पुलिस की ओर से बुधवार को स्वामी उमा भारती पब्लिक स्कूल रेवाड़ी व गवर्नमेंट हाई स्कूल कसोला में शिक्षकों व विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने व नशीले पदार्थों का सेवन न करने की सलाह दी।

इसके अलावा नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने की अपील की। ट्रैफिक पुलिसकी ओर से विद्याार्थियों व शिक्षकों को नशा मुक्ति व खेलों में भागीदारी के लिए भी जागरूक किया गया। सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक तारा चंद ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है। नियमों को नजरअंदाज करने से जीवन में बहुत से सड़क हादसे हो सकते हैं। अधिकांश सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रोंगटर्न व ओवरस्पीड पर कंट्रोल रखें। साथ चौपहियां वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।



रेवाड़ी। कैंप के दौरान रस्साकशी स्पर्धा में दम दिखाते कैडेट्स तथा कैंप के दौरान वालीबॉल खेलते कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

# एनसीसी कैंप में वालीबॉल, रस्साकशी, मानचित्र पाठन एवं फायरिंग का करवाया गया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना में चल रहे एनसीसी एटीसी कैंप के आठवें दिन की शुरूआत प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सोमवीर डबास के नेतृत्व में फायरिंग अभ्यास से हुई, जिसमें कैडेट्स ने लक्ष्य पर निशाना साधने की तकनीक सीखी। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह भी उपस्थित थे। प्रातःकालीन सत्र में जीपीएस और कंपास की सहायता से मानचित्र पढ़ने तथा अपनी स्थिति ज्ञात करने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल रिहर्सल में सभी कैडेट्स ने अनुशासन, समय-पालन एवं कमांड फॉलो करने की दक्षता का प्रदर्शन किया। कैडेट्स को कैंप में युद्ध एवं आपदा की स्थिति से निपटने के लिए उचित प्रबंधन करने की भी जानकारी दी गई। कमान अधिकारी कर्नल वीएम सिंह के माग्रदर्शन में शाम को आयोजित वालीबॉल मैच में कैंप की पांचों कंपनियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें अंतिम मैच इको और डेल्टा कंपनियों के बीच हुआ। इसके अतिरिक्त, रस्साकशी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कंपनियों के बीच उत्साहपूर्ण मुकाबले में इको कंपनी ने विजय प्राप्त की। कैंप के दसवें दिन ड्रिल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### ऋषभ और पलक ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र ऋषभ और पलक ने खेल महाकुंभ में विद्यालय का नाम रोशन किया है। बारहवीं के छात्र ऋषभ ने जिमनास्टिक और कक्षा छठी की छात्रा पलक ने क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के प्राचार्य जॉय बैनर्जी जी ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। ऋषभ और पलक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरुजनों को दिया।


रेवाड़ी। शिक्षकों के साथ खिलाड़ी।

## जनप्रतिनिधियों ने की स्वास्थ्य मंत्री के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा

■ बुधवार को ब्लॉक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नाहड़ खंड के जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को खंड कार्यालय परिसर में ब्लॉक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में गांव रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण को लेकर चल रहे धरने के दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा की गई।

जनप्रतिनिधियों ने इसे नारी शक्ति का अपमान बताया और कहा कि इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अमर्यादित टिप्पणी करने वालों को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी महिला जनप्रतिनिधि के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग न केवल सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्म की बात है। बैठक में सरदार सिंह बहाला, हरीश एडवोकेट, ओमप्रकाश, राकेश, रामौतार, रामनिवास, विजय कुमार, विजया लुखी, मुकेश लता, सुरेन्द्र, सुनीता, रामेश्वर, मुकेश देवी, कपिल चेयरमैन, सरपंच आशीष, कृष्ण कुमार, सतनारायण, रणबीर, सतेंद्र, श्याम सिंह, संदीप, मनोज व सुरेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


रेवाड़ी। नाहड़ खंड कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को, दोनों पक्षों की सहमति से निपटाए जाएंगे मामले



**रेवाड़ी।** जिला न्यायिक परिसर में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने आमजन से 12 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में अपने लंबित प्रकरणों को आपसी सहमति से हल करा लेने में ही फायदा है, जिससे कि समय कम लगे और मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए। कोई भी केस में कोर्ट में चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है। लोक अदालत में आदमी आकर विवाद को सुलझा ले तो यह वहीं समाप्त हो जाता है।

## इंदिरा गांधी विवि में बीफामेर्सी में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित


रेवाड़ी। बीफार्मेसी की प्रवेश परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 8 से 25 जुलाई के दौरान हरियाणा प्रदेश के बीफामेर्सी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा का आयोजन मुख्य केंद्र अधीक्षक प्रो. सविता श्योराण के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रो. सविता श्योराण ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी के कुशल नेतृत्व व कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह तथा अधिष्ठाता शैक्षिक मामले प्रो. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराई जा रही है। इस अवसर पर कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सतिंदर बल व डा. रीना हुड्डा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की फैकल्टी डा. अजय व तकनीकी विशेषज्ञ योगेश, विकास व ललित और कार्यालय सहायक प्रदीप रंगा ने योगदान दिया।

### घर से ऑटो लेकर गया युवक दो दिन से लापता

■ युवक के पिता भान ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत

**कोसली।** सुरेहली गांव से ऑटो लेकर मार्केट से गत्ता खरीदने के लिए निकला एक युवक दो दिन बाद भी वापस घर नहीं आया। युवक के पिता भान ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका लड़का राहुल हर रोज की भांति सोमवार को अपनी ऑटो लेकर गत्ता खरीदने घर से गया था, लेकिन दो दिन बाद भी घर वापस नहीं आया है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। राहुल ने सोमवार को ही ऑटो पर काम करने वाले एक लड़के के फोन से अपनी बहन को फोन किया था, लेकिन वह फोन भी अब बंद है। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी हर जगह तलाश कर ली, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

## जिला बाल संरक्षण इकाई में अडॉप्शन हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ यहां नि:संतान दंपतियों को बच्चा गोद लेने की पूरी वैधानिक की दी जा रही है जानकारी

जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई में अडॉप्शन हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। यहां निःसंतान दंपतियों को बच्चा गोद लेने की पूरी वैधानिक जानकारी दी जा रही है ताकि कोई भी किसी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न हो। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि दत्तक ग्रहण से जुड़ी हर प्रक्रिया को दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के अनुसार किया जाता है। बाल संरक्षण इकाई की ओर से इच्छुक दंपतियों को संपूर्ण प्रक्रिया की निःशुल्क जानकारी दी जा रही है ताकि वे बिना किसी बिचौलिए के सुरक्षित और वैध तरीके से बच्चा गोद ले सके और घर में खुशियां ला सकें। उन्होंने कहा कि कोई भी दंपति किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या एजेंट की बातों में आकर अपनी जमा-पूंजी और भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें। सही मार्गदर्शन और कानूनी प्रक्रिया से ही दत्तक ग्रहण करें। यदि कोई परिवार बच्चा गोद लेने के इच्छुक हैं तो वे अधिक जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई रेडक्रॉस सोसायटी, रूम नंबर 8 और 9 रेवाड़ी में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या 01274-221852 पर भी सहायता ली जा सकती है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी रूप से मान्य और पारदर्शी होनी चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### राशन कार्ड होल्डर्स को ई-केवाईसी जरूर कराएं

**रेवाड़ी।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डा.अशोक कुमार ने कहा कि डिपो से हर माह राशन लेने वाले सभी राशन कार्ड धारक जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी करा लें। उन्होंने बताया कि कार्ड धारक किसी भी नजदीकी राशन की दुकान, सीएससी सेंटर या स्वयं भी ई-केवाईसी करा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी राशन कार्ड धारकों को अपना ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है, ताकि कार्ड धारकों को वर्तमान व भविष्य में पीडीएस से संबंधित मिल रही सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारक अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से ई-केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन व आधार फेस आरडी एप्लीकेशन डाउनलोड करें और ई-केवाईसी पर क्लिक करें। सभी कार्ड धारक को इस एप में हरियाणा राज्य का चयन करके राशन कार्ड में दर्ज आधार नंबर दर्ज करना होगा। कार्ड धारक को ओटीपी प्राप्त करने के लिए अपने सदस्य के आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजना होगा। इसके बाद प्राप्त ओटीपी डालकर व कैप्चा कोड फालो करते हुए सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद विभाग डाटा आगामी कार्रवाई के लिए भेज देगा।

**प्रतियोगिता** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में खंड स्तरीय स्पर्धा आयोजित

# फोक डांस प्रतियोगिता में पीएम श्री स्कूल रेवाड़ी और रोल प्ले में हांसाका स्कूल बना विजेता

■ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनोज कुमार ने तथा हास्य कवि हलचल हरियाणवी मुख्य अतिथि थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में खंड स्तरीय रोल प्ले व फोक डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हास्य कवि हलचल हरियाणवी मुख्य अतिथि थे, जबकि एस एमसी उपाध्यक्ष मीनू देवी व कैप्टन फकीरचंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जीव विज्ञान प्रवक्ता विक्टोरिया ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है तथा समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में फैली कुरीतियों से लड़कर विकासशील समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। प्रवक्ता संजीता यादव के नेतृत्व में प्रवक्ता अनीता यादव संयोगिता, अनीता रोहिल्ला तथा नीतू कुमारी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

फोक डांस प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की टीम प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर की द्वितीय तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ततारपुर के टीम तृतीय स्थान पर रही, जबकि रोल प्ले प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका की टीम प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर की टीम द्वितीय तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

प्राचार्य मनोज कुमार ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए जिला तथा राज्य स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता कांता लहकरा, अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, हरिता शर्मा, मंजुलता, पूनम देवी, प्रिया, हर्ष व चंद्रपाल मौजूद थे।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि